प्रेस नोट - थाना रोजा

शाहजहाँपुर पुलिस

दिनांक - 01.02.2025

थाना रोजा पुलिस द्वारा सोशल मीडिया पर आत्महत्या के सम्बन्ध में पोस्ट करने वाले व्यक्ति के घर अविलम्ब पहुँच कर पोस्ट करने वाले व्यक्ति की बचाई जान।

दिनांक 01.02.2025 को दिन मे 05.00 बजे लगभग आत्महत्या सम्बन्धी पोस्ट फोटो वीडियो पर मेटा कम्पनी से अलर्ट प्राप्त होने पर जनपदीय सोशल मीडिया सेल द्वारा तत्काल संज्ञान लेते हुए आत्महत्या के सम्बन्ध में वीडियो मो0नं0 व लोकेशन थाना रोजा को उपलब्ध करायी गयी थी, जिसके सम्बन्ध में थाना रोजा पुलिस तत्काल कार्यवाही करते हुए प्रभारी निरीक्षक अपराध श्री गंगा सिंह द्वारा उ0नि0 राजेश कुमार को मय हमराही कॉस्टेबल का0 2227 अरूण तोमर व का0 शिवम तैनाती सर्विलांस सेल शाहजहाँपुर को मौके पर आवश्यक कार्यवाही हेतु भेजा गया। जिसके क्रम में उनके द्वारा अविलम्ब सिटी पार्क लोधीपुर शाहजहाँपुर मे पहुँचकर इंस्टाग्राम पर आत्महत्या के सम्बन्ध में पोस्ट करने वाले व्यक्ति की लोकेशन ट्रेस कर उसे बरामद किया गया। इस व्यक्ति का नाम पता पूछा गया तो इसने अपना नाम सोनू (बदला हुआ नाम) निवासी नरदवल थाना फरदान जिला लखीमपुर खीरी उम्र करीब 20 वर्ष बताया। जिसकी काउंसलिंग उ0नि0 श्री राजेश कुमार द्वारा की गयी काउंसलिंग के दौरान पीडित ने बताया कि मैने आर्मी की भर्ती मे 04 बार ट्राई किया नाप तौल मे सीना कम बताकर बाहर कर दिया गया जिस कारण पीड़ित बहुत अधिक निराश हो गया जिसके लिए उसके द्वारा वीडियो बनाना बताया गया। उक्त व्यक्ति बिल्कुल स्वस्थ एवं 20 वर्षीय युवा है। उक्त व्यक्ति को उसके परिजनों को सुपुर्द करते हुए मुनासिब हिदायत दी गयी। पीडित द्वारा दोबारा ऐसी हरकत न करने के सम्बन्ध में लिखित व मौखिक बयान दिया गया एवं पुनः उत्साह पूर्वक संघर्ष कर फौज की नौकरी मे भर्ती होने का जज्बा दिखाया। पीड़िता के परिजनों द्वारा उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा की गयी त्वरित कार्यवाही की भूरि-भूरि प्रशन्सा की गयी तथा आभार व्यक्त किया गया।

पुलिस टीम का विवरण

1 प्रभारी निरीक्षक अपराध, थाना रोजा जनपद शाहजहाँपुर
2 उ0नि0 राजेश कुमार थाना रोजा जनपद शाहजहाँपुर
3 का0 2227 अरूण तोमर थाना रोजा जनपद शाहजहाँपुर

सर्विलांस सेल

1. का0 शिवम कुमार

मीडिया सेल

1. का0 धर्मेन्द्र कसाना
2. का0 अनुराग भदौरिया